(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..................................

(ii) Questions : 9

**Sub. Code : 0 1 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 2**

**B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester**

**1046**

**HINDI (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

**नोट :– सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या करें :-

(i) जोगिया से प्रीत कियां दुख होइ।
प्रीत कियां सुख न मोरी सजनी, जोगी मित न कोइ।
राति दिवस कल नाहिं परत है, तुम मिलियां बिनि मोइ।।
ऐसी सूरत या जग मांही फेरि न देखी सोइ।
मीरां के प्रभु कबरे मिलोगे, मिलियां आणंद होइ।।

(ii) कोऊ कहै, करत कुसाज, दगाबाज बड़ो,
कोऊ कहै, राम को गुलाम खरो खूब है।।
साधु जानैं महासाधु, खल जानैं महाखल,
बानी झूंठी-सांची कोटि उठत हबूब है।।
चहत न काहूसों न कहत काहू की कछु,
सबकी सहत, उर अंतर न ऊब है।।
तुलसी को भलो पोच हाथ रघुनाथही के,
राम की भगति-भूमि मेरी मति दूब है।।

(iii) साईं एकै गिरि धरयौं, गिरिधर गिरिधर होय।
हनूमान बहु गिरि धरयौं, गिरिधर कहै न कोय।
गिरिधर कहै न कोय, हनू द्रोनागिरि लायो।
ताको कनुका टूटि पर्‌रयो, सो कृष्न उठायो।
कह गिरिधर कविराय, बड़न की बड़ी बड़ाई।
थोरे ही जस होय, जसी पुरुषन की साई।

(iv) बीती ताहि बिसारिये, आगे की सुधि लेइ।
जो बनि आवै सहज में ताही में चित देइ।
ताही में चित देइ, बात जोई बनि आवै।
दुर्जन हंसै न कोइ, चित में खता न पावै।
कह गिरिधर कविराय, यही करू मन परतीती।
आगे को सुख समुझि, होइ बीती सो बीती। 5+5=10

(ख) तुलसीदास का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

गिरिधर कविराय की कुण्डलियों के उद्देश्य पर अपने विचार स्पष्ट करें। 6

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दें :-
(i) 'झांसी की रानी' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता स्पष्ट करें।
(ii) 'झांसी की रानी' उपन्यास की ऐतिहासिकता पर अपने विचार दें।
(iii) 'झांसी की रानी' उपन्यास की कथावस्तु की विशेषतायें लिखें।
(iv) 'झांसी की रानी' उपन्यास के आधार पर लक्ष्मीबाई का चरित्र स्पष्ट करें। 8+8=16

3. प्रेमाख्यान काव्य की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट करें।

**अथवा**

कबीर का साहित्यिक परिचय स्पष्ट करें। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दें :-

(i) मीराबाई ने किसकी भक्ति की है ?

(ii) मीराबाई किस काल की कवयित्री थी ?

(iii) तुलसीदास की प्रमुख रचना का नाम लिखें।

(iv) विनय पात्रिका किस भाषा में लिखी गई है ?

(v) गिरिधर की कुण्डलियों का मुख्य आधार क्या है ?

(vi) गिरिधर कविराय ने किस छंद में काव्य-रचना की है ?

(vii) झांसी की रानी उपन्यास के लेखक का नाम लिखें।

(viii) मनु का प्रसिद्ध नाम क्या था ?

(ix) कितने वर्ष की आयु में लक्ष्मीबाई को पुत्र हुआ था ?

(x) अंग्रेज सरकार ने रानी झांसी को पेंशन के रूप में कितने रुपये देने चाहे ?

(xi) रानी की याद में चबूतरा किसने बनाया था ?

(xii) भक्तिकाल की दो धाराओं के नाम लिखें।

(xiii) अवधी भाषा में लिखें दो ग्रन्थों के नाम बतायें।

(xiv) तुलसीदास की दो रचनाओं के नाम लिखें।

(xv) अष्टछाप के दो कवियों के नाम लिखें। 1×10=10

5. उपन्यास के तत्त्वों पर संक्षिप्त प्रकाश डालें।

**अथवा**

उपन्यास के वर्गीकरण पर विचार प्रस्तुत करें। 7

6. किन्हीं **पाँच** मुहावरे/लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाऐं :-
अन्धे की लकड़ी, कान का कच्चा, गागर में सागर भरना, हाथ तंग होना, आगे कुआँ पीछे खाई, घर की मुर्गी दाल बराबर, नया नौ दिन पुराना सौ दिन। 10

7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखें :-

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अनुशासनहीनता, बेराजगारी। 10

8. अपने छोटे भाई को पत्र लिखते हुए उसे कुसंगति से बचने के लिए चेतावनी दीजिए।

**अथवा**

आपके मुहल्ले की सफाई समय पर न होने के कारण बीमारी फैलने का खतरा है। आप पत्र लिखकर नगरपालिका का ध्यान इस ओर आकर्षित कीजिए। 8

9. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखें :-

(i) Medical

(ii) Nationality

(iii) Offer

(iv) Pay

(v) Revenue

(vi) Secret

(vii) Target

(viii) Warning. 5